रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, सोमवार 13 जनवरी 2025, वर्ष 10, अंक 360 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

## ट्रम्प के शपथ ग्रहण में जयशंकर जाएंगे:चीनी राष्ट्रपति को भी न्योता



**वॉशिंगटन/ नई दिल्ली** विदेश मंत्री जयशंकर 20 जनवरी को अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। वे यहां नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शपथग्रहण में शामिल होंगे। शपथग्रहण आयोजन समिति ने इसके लिए भारत को न्योता भेजा है। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी X पर पोस्ट कर दी। इसके साथ ही चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई और अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले को भी निमंत्रण भेजा गया है। ट्रंप की प्रवक्ता कैरोली लेविट ने चीनी राष्ट्रपति को निमंत्रण भेजने की पुष्टी की है। उन्होंने फॉक्स न्यूज से कहा- ट्रम्प सभी देशों के नेताओं से खुलकर बातचीत करना चाहते हैं, फिर वो चाहे हमारे सहयोगी हों या हमारे विरोधी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए दुनिया भर के अरबपतियों में होड़ लगी है। हालांकि, इस कार्यक्रम के लिए बड़ा डोनेशन देने के बाद भी कई लोगों को वेटिंग लिस्ट में डाल दिया गया है, क्योंकि सारे VIP टिकट खत्म हो चुके हैं। शपथ की उद्घाटन समिति ने अभी तक प्रोग्राम के लिए 1400 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि जुटा ली है। माना जा रहा है कि जल्द ये आंकड़ा 1700 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है।

**जयशंकर अन्य देशों के डेलिगेशन से भी मिलेंगे** अमेरिका पहुंच कर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ट्रम्प प्रशासन में शामिल हो रहे मंत्रियों और दूसरे तमाम देशों से आए नेताओं के साथ मुलाकात भी करेंगे। ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस को हराकर जीत हासिल की है। डोनाल्ड ट्रम्प ने चुनाव में 312 इलेक्टोरल वोट जीते, जबकि कमला हैरिस को 226 वोट ही मिले। चुनाव में जीत के लिए किसी प्रत्याशी को 270 इलेक्टोरल वोट्स चाहिए होते हैं। **कैसे होगा शपथ ग्रहण** 20 जनवरी, सोमवार को अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में दोपहर 12 बजे ट्रम्प का शपथग्रहण होगा। इस दौरान अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स उन्हें राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाएंगे।

21वीं सदी में ऐसा पहली बार होगा जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति छुट्टी वाले दिन पद की शपथ लेगा। ट्रम्प के अलावा जेडी वेंस को उपराष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई जाएगी। आमतौर पर उपराष्ट्रपति को राष्ट्रपति से पहले शपथ दिलाई जाती है। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने शपथ ग्रहण समारोह के लिए करीब 170 मिलियन डॉलर यानी 1400 करोड़ रुपए जुटा लिया हैं। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प को टेक कंपनियों और कई बड़े दानदाताओं ने समारोह के आयोजन के लिए ये रकम दान दी है।

## क्लास 10th की 80 छात्राओं का स्कूल में उतरवा दिया शर्ट




**धनबाद ।** धनबाद के एक नामी गिरामी दिग्वाडीह कार्मेल स्कूल स्कूल में छात्राओं को उस वक्त शर्मसार होना पड़ा, जब स्कूल की प्रिंसिपल ने उन छात्राओं के शर्ट बदन से उतरवा दिये। यह सब बीते शनिवार को हुआ। दरअसल, बोर्ड परीक्षा से पहले छात्राओं का स्कूल में आखिरी दिन था। छात्राएं स्कूल के इस आखिरी रोज को 'पेन डे' के तौर यादगार बनाना चाहती थी। पर कल का दिन उनकी जिंदगी का काला दिन बन गया। पेन डे के तहत छात्राएं एक दूसरे की शर्ट पर पेन से शुभकामनाएं लिख रही थीं। सभी स्कूल के आखिरी दिन को सेलिब्रेट कर रही थीं, पर छात्राओं की यह खुशी प्रिंसिपल एम देवश्री को रास नहीं आयी। छात्राओं को जमकर डांटा-फटकारा गया। इसके बाद करीब 80 छात्राओं को शर्ट खोलने का फरमान जारी किया गया। प्रतिरोध करने पर उनकी जमकर क्लास लगायी गयी और जबसदस्ती शर्ट उतरवा दिया गया। बात यहीं नहीं रुकी। इल्जाम है कि छात्राओं को दोबारा शर्ट पहनने तक नहीं दिया गया। सिर्फ ब्लेजर पहनने की इजाजत दी गयी।

घर पहुंच रोती-बिलखती छात्राओं ने अपने घरवालों से इस बात का जिक्र किया तब, घरवालों का गुस्सा उबाल पर आ गया। सभी DC के पास पहुंच गये। अभिभावकों का यही कहना था कि स्कूल में बच्चियों की आबरू के साथ खिलवाड़ किया गया है। अभिभावक इस घटना से चिंता में भी हैं। उनका कहना है कि इस घटना से उनकी बेटियां परेशान हैं, वे आत्मग्लानि से भर गई हैं, अगर ऐसी स्थिति में उन्होंने कोई गलत कदम उठा लिया तो उनका क्या होगा और इस घटना का जिम्मेदार कौन होगा? क्या प्राचार्य को समझ नहीं थी कि ऐसे करने से छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा? वे कह रहे हैं कि छात्राएं सिर्फ पेन डे मना रही थीं। अगर ऐसा करने पर स्कूल को कोई ऑब्जेक्शन था, तो सबसे पहले अभिभावक को सूचित करना था। हम अपने बच्चों को समझाते। उन्हें शर्ट उतरवाकर घर भेज दिया गया। क्या हमारी बच्चियों की कोई इज्जत नहीं है? बच्ची किस तरह से और कितनी शर्म से घर पहुंचीं है वे हम जानते हैं। ऐसी स्थिति में अगर प्रिंसिपल हमें बुलाती तो क्या हम भी अपनी बच्चियों को इस अवस्था में देख पाते? बच्चियां कोई गलत कदम उठा लेतीं तो? अभी उनकी दसवीं की परीक्षा है, वे पहले से ही मानसिक दबाव में हैं, इससे उन पर मेंटल प्रेशर और भी बढ़ गया है। हम दिन भर बच्चों को समझाते रह रहे हैं। अभिभावकों ने डीसी से प्रिंसिपल का रिजाइन और उनकी गिरफ्तारी की मांग की है।

डीसी ने दिया कार्रवाई का आश्वासन घटना की सूचना मिलने पर विधायक रागिनी सिंह भी अभिभावकों के साथ डीसी कार्यालय पहुंचीं। अभिभावकों और विधायक रागिनी सिंह ने डीसी माधवी मिश्रा से बात की। अभिभावकों ने बताया कि डीसी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि यह घटना पूरी तरह दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। डीसी ने कार्रवाई की बात कही है। वहीं, डीसी माधवी मिश्रा ने कहा कि अभी हमने अभिभावकों और कुछ बच्चियों से बात की। जिला प्रशासन ने इस मामले को पूरी गंभीरता से लिया है। इस मामले की जांच के लिए एक जांच कमेटी गठित कर दी गई है। जांच कमेटी स्कूल में जाकर पूरे मामले की जांच करेगी। उनकी रिपोर्ट के आधार पर हम उसपर कार्रवाई करेंगे। साथ ही अगर जरूरत पड़ेगी तो FIR भी दर्ज की जाएगी।

## रांची में सूट-बूट पहनकर चोरी करना नया ट्रेंड, 38 लाख की चोरी



**रांची:** झारखंड की राजधानी रांची के कांके रोड स्थित ईश्वरी एंक्लेव में लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। इसको लेकर गोंदा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिसमें लगभग 30 लाख के गहने और 8.30 लाख रुपए नगद की चोरी की बात कही गई है। चोरी की वारदात को गिरोह ने तब अंजाम दिया, जब घर में कोई नहीं था और ताला लगा हुआ था। लेकिन इसमें सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि चोर गिरोह पूरे ठाट बाट में कार से चोरी करने पहुंचा था। सूट बूट पहने हुए चोर गिरोह के सदस्यों ने पहले घर का ताला तोड़ा। फिर चोरी की घटना को अंजाम देकर आराम से कार में सवार होकर रफूचक्कर हो गया। चोरों के इस कारनामे की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जिसकी वजह से यह पता चल पाया कि अब सूट बूट में भी चोर गिरोह चोरी करने निकल रहा है। चोरी की यह वारदात कांके रोड स्थित ईश्वरी एंक्लेव में कांट्रेक्टर जसवंत सिंह के घर में हुई। चोरों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जिसमें सभी सूट बूट पहनकर कार से चोरी करने आए थे। कांट्रेक्टर की पत्नी शुक्रवार दिन में घर में ताला लगाकर बाहर गई थी। उस दौरान घर में कोई नहीं था। इसी दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखें गहने और नगद की चोरी की है। चोरी के बाद वह सफेद कार पर सवार होकर निकल गए।

## IAS को CM नीतीश ने डांटा, बोले-तुम कुछ नहीं जानते: जीविका दीदियों से मुलाकात कर कहा- आपलोगों का पहनावा ठीक है; 1000 करोड़ की दी सौगात



**मधुबनी** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को प्रगति यात्रा के दौरान मधुबनी पहुंचे। सुबह 10:50 बजे दुर्गीपट्टी में हेलिकॉप्टर से लैंड किए, इसके बाद विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान 140 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मधुबनी वासियों को 1000 करोड़ की सौगात दी। इस बीच एक वीडियो सामने आया है। जिसमें एक जीविका दीदी सीएम नीतीश को दुपट्टा देने के लिए लगातार आवाज लगा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री अपने धुन में दिखे। वे इधर-उधर नजर घूमाते दिखे, लेकिन जीविका दीदी का भेंट नहीं लिया। बाद में सीएम नीतीश ने सभी जीविका दीदी से कहा, 'याद है न मुख्यमंत्री का काम।' **सीएम नीतीश ने IAS को डांटा** इस बीच सीएम नीतीश ने एक IAS को डांट भी लगाई। बोले- आप मेरी बात नहीं समझ रहे। कुछ नहीं जानते हैं आप। हम 2006 में स्वंय सहायता समूह की शुरुआत किए हैं। केंद्रीय मंत्री थे तो जगह-जगह जाकर देखते थे। जब 2005 में बिहार में हम आ गए, तो देखा कि यहां पर नहीं है। इसके बाद कर्ज लेकर हमलोग यहां पर शुरू किए। जैसे ही ये शुरू हुआ, तब हमने महिलाओं को जीविका दीदी कहा। मीडिया कर्मियों को डांटते हुए कहा, इधर आओ, सब सुनो यहां। कैसे बना है। जीविका दीदी को कहा, अब आपलोगों का पहनावा भी ठीक हो गया है। हम जहां भी जाते हैं, एक बार जीविका दीदियों से जरूर मिलते हैं।

### जीविका दीदियों से संवाद

**मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, 'जीविका ने महिलाओं का जीवन स्तर और सम्मान बढ़ाया है। यह पहल राज्य में महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है।' जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने बताया कि मुख्यमंत्री मिथिला क्षेत्र की यात्रा पर हैं और यहां के विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।**

## मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा, अगर अमित शाह...', केजरीवाल ने दिया BJP को बड़ा चैलेंज



***नई दिल्ली*** *दिल्ली विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा हो गई है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर एक साथ पांच फरवरी को मतदान होंगे। सीएम आतिशी ने चुनाव लड़ने के लिए दिल्ली की जनता से चंदा मांगा है। वहीं, कांग्रेस ने आज अपनी तीसरी गारंटी की घोषणा कर दी है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा, 'क्या अरविंद केजरीवाल ये बता पाएंगे कि उन्होंने झुग्गी वालों के लिए क्या किया है? हम(भाजपा) हर झुग्गी वाले को पक्का मकान दे रहे हैं। हम अभी तक 4600 मकान दे चुके हैं। वे(अरविंद केजरीवाल) झुग्गी वालों का हक छीनकर अपना शीश महल बनाने का काम करते हैं। अरविंद केजरीवाल ने बहुत कोशिश की थी मुख्यमंत्री बने रहने की लेकिन उन्हें न्याय पालिका के सामने घुटने टेकने पड़े थे।' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, '10 साल में आपने जितने झुग्गीवालों को उजाड़ा, वह सब कोर्ट में हैं। उनके कोर्ट केस वापस लो। कोर्ट में शपथ पत्र देकर कहो कि सभी झुग्गीवासियों को उनकी जमीनों पर बसायेंगे।*

## कांग्रेस का बड़ा वादा... दिल्ली में युवाओं को देंगे साढ़े 8 हजार महीना, तीसरी गारंटी की जारी




**नई दिल्ली** कांग्रेस ने दिल्ली के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एक साल तक 8500 रुपये प्रतिमाह की देने की बात कही है। इस योजना के तहत युवाओं को हर महीने 8500 रुपये मिलेंगे और एक साल की अप्रेंटिसशिप प्रदान की जाएगी। कांग्रेस ने आज 'युवा उड़ान योजना' नाम से अपनी तीसरी गारंटी की घोषणा कर दी है। यह घोषणा युवाओं के लिए है। कांग्रेस ने दिल्ली के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एक साल तक 8500 रुपये प्रतिमाह की देने की बात कही है। इस योजना के तहत युवाओं को हर महीने 8500 रुपये मिलेंगे और एक साल की अप्रेंटिसशिप प्रदान की जाएगी। इस योजना की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा, 'आज महान विचारक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है जो युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे। दिल्ली में युवाओं के भविष्य पर राज्य और केंद्र सरकार का कोई ध्यान नहीं है। दिल्ली में इतिहास गवाह है कि यहां जब-जब कांग्रेस की सरकार रही है तब-तब यहां के विकास को पूरे देश में लोग अग्रिम मानते आए हैं। दिल्ली में जिस जिम्मेदारी से हम वादा करेंगे उसी जिम्मेदारी के साथ उसे पूरा भी करेंगे और जनता इस बात को जानती है। मुझे पूरा विश्वास है कि 5 फरवरी को जब दिल्ली के लोग मतदान करेंगे तो इतिहास को याद करेंगे कि किसने क्या कहा और क्या किया।' सचिने पायलट ने कहा कि रोजगार का निर्माण करना किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन केंद्र और राज्य की दोनों सरकारों ने बेरोजगारों को नजरअंदाज किया। पढ़े-लिखे बच्चों को रोजगार देना चाहिए था, लेकिन मौका मिलने के बाद भी दोनों सरकारें काम नहीं कर पाईं। कांग्रेस ने हमेशा जनता के लिए काम किया। आईटी के क्षेत्र में कांग्रेस सरकार ने बेहतरीन काम किया, जिसमें मैं खुद मंत्री था। आज दिल्ली में राजनीति सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप की रह गई है, लेकिन अब लोग बेहतर विकल्प चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि आने वाले चुनावों में जनता कांग्रेस पार्टी को चुनेगी और सरकार बनाएगी। सचिन पायलट ने कहा, 'हमने निर्णय लिया है कि दिल्ली में कांग्रेस सरकार बनने के बाद शिक्षित और बेरोजगार युवाओं को एक साल की अप्रेंटिसशिप और 8,500 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। हमारी कोशिश रहेगी कि इस एक साल में युवा अपनी कार्यकुशलता को बढ़ाकर उसी क्षेत्र में आगे बढ़ें, जिसकी उन्होंने ट्रेनिंग की है।'

## दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन, बनाएगा 4 वर्ल्ड रेकॉर्ड



प्रशासन का दावा है कि लगभग 40 करोड़ लोग महाकुंभ में आ सकते हैं। यह भारत की कुल आबादी का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। अगर यह अनुमान सही साबित होता है, तो इसका मतलब है कि हर दिन औसतन 90 लाख लोग महाकुंभ में आएंगे। यहां तक कि अगर वास्तविक संख्या कम भी हो, तब भी यह एक विशाल जनसमूह होगा। इतनी बड़ी संख्या में लोगों के लिए 24x7 बिजली और पानी की आपूर्ति बनाए रखना, कचरे का निपटान, सुरक्षा का ध्यान रखना, भीड़ और यातायात का प्रबंधन करना और आपातकालीन और चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना एक बहुत बड़ी चुनौती होगी। 1954 में हुए भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी, यह घटना एक दुखद याद दिलाती है कि चीजें कितनी गलत हो सकती हैं। हालांकि, तब से लेकर अब तक काफी समय बीत चुका है और प्रशासन ने कई सबक सीखे हैं।

**40 करोड़ लोग लगाएंगे संगम में डुबकी** प्रशासन का दावा है कि लगभग 40 करोड़ लोग महाकुंभ में आ सकते हैं। यह भारत की कुल आबादी का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। अगर यह अनुमान सही साबित होता है, तो इसका मतलब है कि हर दिन औसतन 90 लाख लोग महाकुंभ में आएंगे। यहां तक कि अगर वास्तविक संख्या कम भी हो, तब भी यह एक विशाल जनसमूह होगा। इतनी बड़ी संख्या में लोगों के लिए 24x7 बिजली और पानी की आपूर्ति बनाए रखना, कचरे का निपटान, सुरक्षा का ध्यान रखना, भीड़ और यातायात का प्रबंधन करना और आपातकालीन और चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना एक बहुत बड़ी चुनौती होगी। 1954 में हुए भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी, यह घटना एक दुखद याद दिलाती है कि चीजें कितनी गलत हो सकती हैं। हालांकि, तब से लेकर अब तक काफी समय बीत चुका है और प्रशासन ने कई सबक सीखे हैं।


## 'केंद्र सरकार किसी का हक नहीं मारती', 1.36 लाख करोड़ बकाये पर कोयला मंत्री बोले- जो उचित होगा वह जरूर देंगे



**रांची:** केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि केंद्र सरकार किसी राज्य के पैसे नहीं रोकती, जो भी पैसे झारखंड को देने हैं, बिल्कुल देंगे। लेकिन जितने पैसे की बात है, वह चर्चा का विषय है। झारखंड सरकार के 1.36 लाख करोड़ रुपये के बकाया मामले पर केंद्रीय कोयला मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार और कोल कंपनी पीएसयू की एक कमेटी बनाई गई है। केंद्रीय कोयला मंत्री ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बात हुई है। चुनाव के पहले 1.36 लाख करोड़ रुपये का मामला लाया गया। राज्य सरकार के साथ इस मुद्दे पर बात हुई है। अब झारखंड सरकार के दावे पर विचार कमेटी विचार करेगी। कमेटी जो भी निर्णय लेगी, उसे केंद्र सरकार पूरा करेगी।

जी.किशन रेड्डी कहा कि सलाह-मशविरा के बाद जो सरकार फैसला लेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा- 'भारत सरकार कोई प्रांत और कोई जनता को नजरअंदाज नहीं करती। सबका साथ-सबका विकास हमारा नारा है, हम चाहते है झारखंड का और विकास हो, झारखंड की जनता को भारत सरकार सहयोग करने के लिए तैयार है।' '

## केरल में दलित एथलीट का यौन शोषण- 9 FIR दर्ज:5 साल में 62 लोगों ने रेप किया; 14 आरोपी ज्यूडिशियल रिमांड पर, इनमें मंगेतर भी



**पाथनमिट्टा** राष्ट्रीय महिला आयोग ने केरल पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुई 3 दिन में रिपोर्ट पेश करने को कहा है। केरल के पाथनमिट्टा में में एक दलित लड़की के यौन शोषण से जुड़े केस में 14 लोग गिरफ्तार हुए हैं। इन सभी को 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया है। इनमें लड़की का मंगेतर भी शामिल है। केस में 2 पुलिस थानों में 9 FIR दर्ज की गई हैं। मामले का पता तब चला एक एजुकेशनल इंस्टीट्यूट ने लड़की के व्यवहार में बदलाव देखा। फिर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (CWC) को इसकी सूचना दी। लड़की ने काउंसलर को बताया कि पिछले 5 साल में 62 लोगों ने उससे रेप किया। लड़की का आरोप है कि पहली बार 13 की उम्र में उसके साथ रेप हुआ था। जब उसके दोस्त ने पहली बार शोषण किया। अब वह 18 साल की हो चुकी है। उसके माता-पिता को भी इस बारे में पता नहीं था। लड़की के बताए आरोपियों में से 40 लोगों पर POCSO के तहत केस दर्ज किया गया है। इनमें कोच, साथी एथलीट, क्लासमेट और घर के आसपास रहने वाले कुछ लड़के भी हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग ने 3 दिन के अंदर डिटेल रिपोर्ट और सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित नाबालिग थी इसलिए आरोपियों पर POCSO एक्ट और SC-ST एक्ट की धाराएं भी जोड़ी जाएंगी। पाथनमिट्टा पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनमें लड़की का मंगेतर भी है। **माता-पिता काम पर जाते, तब घर पर भी यौन शोषण होता** लड़की ने काउंसिलिंग के दौरान बताया कि पहली बार यौन शोषण 13 साल की उम्र में उसके तत्कालीन प्रेमी ने किया था, जिसने बाद में उसे अपने दोस्तों को सौंप दिया। इन लोगों ने उसके वीडियो बनाकर वायरल किए। इनके आधार पर वे उसे ब्लैकमेल करते थे। कई बार जब माता-पिता काम पर जाते थे तो उसके घर पर भी उसका यौन-शोषण हुआ।

## छापामारी के दौरान गुमटी से डब्बा सहित 115 ग्राम गांजा बरामद किया गया



**कोडरमा** । पुलिस अधीक्षक, कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन स्थित बजरंग बली मंदिर के समीप एक गुमटी में अवैध रूप से गांजा बेचा जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन हेतु श्री अनिल कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तिलैया थाना अंतर्गत रेलवे स्टेशन स्थित गुमटी में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान गुमटी से डब्बा सहित 115 ग्राम गांजा बरामद किया गया, साथ ही संतोष कुमार चौधरी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या 17/25 दिनांक- 12.01.2025, धारा- 20 (b) (2) NDPS Act दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिले जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, दी बधाई



**सिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिसा के निवर्तमान राज्यपाल रघुवर दास से धुर्वा स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान श्री महतो ने उनके सक्रिय राजनीति में वापस आने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि रघुवर जी की कार्यकाल में राज्य में विकास की लम्बी लकीर खींची थी। राज्यपाल जैसे बड़े पद को छोड़कर आम लोगों की सेवा करना और संगठन हित में काम करने को चुना है।जो राज्य के जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति प्रेम और संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि रघुवर दास के आने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं में भी नई ऊर्जा का संचार हुआ है।इस दौरान रांची ग्रामीण के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## निमुवा मेला धुमधाम से सम्पन्न





मुरीः- सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के निमुवा (राजागोड़ा) में शनिवार को मेला का आयोजन किया गया।इस मेले में नर्तकी नाच पूर्णिमा ठाकुर द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही मुर्गा लड़ाई, फुटबॉल खेल का भी आयोजन किया गया। इस मेले की मुख्य अतिथि रामानंद वेदिया मौजूद रहे। फुटबॉल फाइनल खेल में ट्राई ब्रेकर में सारजमडीह फुटबॉल क्लब ने तीन दो से मारदु को हराया और खिताब पर अपना कब्जा जमाया। बेदिया ने कहा की खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए,हार जीत तो लगा रहता है।इस खेल को देखने के लिए आसपास के खेल प्रेमी मौजूद रहे और आनन्द उठाया। विजेता एवं उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि रामानंद बेदिया, कार्तिक चन्द्र महतो,विशाल महतो आदि के द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेले का संचालन मोहम्मद फारुख ने किया।इस मौके पर धिरेन्द्र नाथ महतो,सामराय महतो, विश्वनाथ महतो, विरेन्द्र नाथ महतो,रंजीत महतो,पांडु महतो, डॉ संदीप महतो, रमेश महतो, नरेश करमाली मौजूद थे।

## स्वामी विवेकानन्द के जयन्ती के पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यकम




**रजरप्पा** डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ के बहुउद्देशीय सभागार में शनिवार को स्वामी विवेकानन्द के जयन्ती के पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ. एस राधाकृष्णन् एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर दीप-प्रज्वलित महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, रितेश कुमार, सचिव संजय कुमार प्रभाकर एवं महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी, डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय एवं शिक्षकों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा भाषण, कविता, कहानियाँ इत्यादि की प्रस्तुति दी गयी। जिसमें लक्ष्मी, सायका, सायमा, सत्येन्द्र, तमन्ना, शाहिन, निदा फिरदौस, केशर, तब्बू, द्रक्षा आयूबी और प्रिया के द्वारा किया गया. मंच का संचालन एवं देखरेख सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक राम एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रशासक डॉ. राजेश महतो द्वारा किया गया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, रितेश कुमार ने अपने आर्शीवचन के रुप मेंशुभकामनाएंदेतेहुएभविष्यमेंएकसशक्तयुवाकेरुपमेंदेशकीसेवामेंआगेबढ़ें। उपस्थित शिक्षकों में मो. परवेज अख्तर, सुप्रिया वर्मन, आकाश कुमार शिक्षकेत्तर कर्मचारीं में दिनेश महतो इत्यादि रहे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया

कोडरमा । पुलिस अधीक्षक , कोडरमा के नेतृत्व में कोडरमा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और नागरिकों में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता करना है। जिसमें पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा लोगो को वाहन चलाने समय हेलमेट का प्रयोग करने एवं सिट बेल्ट पहनने के महत्व को समझाया गया। आम जनता से वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने एवं सिट बेल्ट लगाने तथा अन्य यातायात नियमो को पालन करने की अनुरोध किया गया। यातायात नियम का पालन कर वाहन चालने वाले को गुलब देकर धन्यवाद किया एवं उनसे आग्रह किया की अपने परिवारजनो तथा आस-पास के लोगो को भी यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करें । जगारूकता अभियान के दौरान पुलिस उपधीक्षक(प्र०) कोडरमा एवं जिला परिवहन पदाधिकारी की टीम भी मोजुद थी।






# घूस मांगने, दुर्व्यवहार करने पर ट्रैफिक पुलिस की पोल खोलें!

ट्रैफिक SP के नंबर पर भेजें फोटो ट्रैफिक से जुड़ी समस्याओं और ट्रैफिक पुलिस के जवानों के व्यवहार को लेकर रांची ट्रैफिक एसपी ने बड़ा कदम उठाया है। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया है। जिसकी मदद से लोग ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ किसी भी तरह की शिकायत दर्ज करा सकें। अगर किसी ट्रैफिक पुलिसकर्मी के द्वारा



दुर्व्यवहार किया जाता है या पैसे की मांग की जाती है तो आम नागरिक इस नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

अगर किसी पुलिसकर्मी द्वारा बदसुलूकी की जाती है तो उसकी फोटो भी खींचकर भेजी जा सकती है। यह व्हाट्सएप नंबर 8987790601 है जिस पर लोग अपनी शिकायतें भेज सकते हैं। इस कदम से रांची में ट्रैफिक पुलिस के कार्यों में पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है। आम लोगों को अपनी शिकायतें जल्दी और आसानी से दर्ज कराने का एक नया प्लेटफॉर्म मिल गया है।

ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने कहा कि यह कदम नागरिकों की मदद के लिए उठाया गया है। ट्रैफिक पुलिस का व्यवहार और कार्यशैली जनता के प्रति सही दिशा में रहे। यह पहल रांची में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और सार्वजनिक विश्वास को बढ़ाने में मदद करेगी।

# गुलगुलदा के बीच में जंगली / पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये 06 (छः) तीर I.E.D बरामद

**चाइबासा** । प्रतिबंधित भा०क०पा० (माओ०) नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है, जिसके आलोक में चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 BN, 203 BN, झारखण्ड जगुआर एवं सी०आर०पी०एफ० 60 BN, 197 BN, 174 BN, 193 BN, 134 BN, 26 BN, की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है।



इसी क्रम में दिनांक 10.10.2023 से एक संयुक्त अभियान गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र तथा टोन्टो थानान्तर्गत ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। अभियान के दौरान आज दिनांक 12.01.2025 को टोन्टो थानान्तर्गत तुम्बाहाका और बगान गुलगुलदा के बीच में जंगली / पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये 06 (छः) तीर I.E.D बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है।संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

# विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संस्थापक संयोजक सुशील ओझा का रांची आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**रामगढ़** विप्र फाउंडेशन झारखंड इकाई की संगठनात्मक बैठक का आयोजन रविवार को होटल लैंडमार्क में हुआ संपन्न। कार्यक्रम में विप्र शिरोमणि, विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संस्थापक संयोजक भाई सुशील ओझा का रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भाई सुशील ओझा का आगमन हुआ. फाउंडेशन के पदाधिकारीयो द्वारा एयरपोर्ट पर उनका ढोल बजे के साथ भब्य स्वागत किया गया. प्रदेश अध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा, महामन्त्री अजय दधीचि व महामन्त्री प्रदीप कुमार शर्मा एवं महिलाओ ने अभिनंदन किया। दीप प्रज्वलित एवं मंत्रों के साथ शुभारंभ मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा किया गया. विप्र फाउंडेसन की पूर्व निर्धारित बैठक में हिस्सा लेकर विप्र फाउंडेशन के क्रियाकलापों की विस्तृत चर्चा की गयी। झारखंड में भी विप्र फाउंडेशन के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की चर्चा की गयी। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संस्थापक संयोजक सुशील ओझा को झारखंड जोन - 6 की ओर से अध्यक्ष सीएजेपी शर्मा ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र देकर अभिनंदन स्वागत किया। श्री ओझा ने विप्र फाउंडेशन द्वारा वर्तमान




समय में जयपुर सहित कई राज्यों में हो रहे सामाजिक प्रोजेक्ट कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया अरुणाचल प्रदेश जिला लोहित जिले में लोहित नदी के तपोवस्तलि की परशुराम कुंड महातीर्थ पर भगवान श्री परशुराम जी के पंच धातु के 54 फीट ऊंची प्रतिभा लगाने की जिम्मेवारी केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार से साथ मिली है । उन्होंने समाज हित में शिक्षा, रोजगार और संस्कार को बढ़ावा देने पर बल दिया। प्राथमिकता के तौर पर बच्चों की पढ़ाई के लिए ई-लर्निंग सेंटर बनाने का भी शुभारंभ करने का रांची में भी उन्होंने प्रस्ताव रखा जिसे मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के सहयोग से प्रारंभ करने का लाभ रांची के युवा बच्चों को अवसर प्रदान होगा। ई-लर्निंग सेंटर युवाओं के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने का सबसे बड़ा प्रकल्प है।यह कार्य को करने का बीड़ा, निः शुल्क लिया गया है। श्री ओझा ने बताया संगठन का विस्तार झारखंड में किया जाएगा विप्र लाभ योजना हर जिले में किस तरह पहुंचे इस पर भी चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि जयपुर में 70.000' स्क्वायर फीट पर परशुराम ज्ञानपीठ का खोला जा रहा है जो शिक्षा का अलग-अलग दीप जलाएगा। यह एक कोचिंग सेंटर रहेगा. विवाह और संस्कार अपने ब्राह्मण समाज के 17 गोत्रों में ही करें जिससे समाज के आने वाली पीढ़ी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर सके। राज्य सरकार से वार्ताकर झारखंड के टांगीनाथ धाम का विकास सरकार और वहां के लोकल बनवासी मूलवासी आदिवासियों के साथ मिलकर पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर सभा का संचालन अमित मनी शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री प्रदीप कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर संस्थापक संयोजक सुशील ओझा जी को झारखंड जोन-6 की ओर से भगवान बिरसा मुंडा का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। सायं 7:00 बजे से सर्व समाज के प्रबुद्ध जनों के संग विचार संगोष्ठी चाय पर चर्चा की गई।

# आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया !!

**अनगड़ा** : आर.टी.सी पुब्लिक स्कूल अनगड़ा मे हर्षोल्लास के साथ रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया. विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 39 वर्ष की अल्प आयु में ही विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति का प्रचार किया तथा अपनी ओजस्वी वाणी से समस्त संसार को नया मार्ग बताया। धर्म संसद में उन्होंने कहा कि भारत सारे विश्व का मार्गदर्शक रहा है लेकिन भारतीयों को अपना स्थान कायम रखने के लिए आध्यात्मिकता को अपनाना



होगा। मौके पर विद्यालय के क्लर्क चंद्र शेखर कुम्हार , प्रकाश महतो ,खेलन वेदिया, मेघनाथ महतो विद्यालय के छात्र आलोक कुमार महतो , आदित्य महतो, अमन बेली, अभिषेक कुमार, आदित्य राज, क्रिश पटेल ,साजन कुमार , रोहित कुमार महतो, दीपेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## Rjd(0) रश्मि प्रकाश प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत, अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने नियुक्ति पत्र दिया : कैलाश यादव



आज झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने पार्टी मुख्यालय रांची में चतरा विधानसभा से राजद प्रत्याशी रही श्रीमती रश्मि प्रकाश को नियुक्ति पत्र देकर प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत किया है ! इस दौरान राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव मौजूद थे !

मौके पर मौजूद प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि श्रीमती रश्मि प्रकाश अत्यंत जनप्रिय युवा नेत्री है वह झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहु है !

यादव ने बताया कि श्रीमती रश्मि प्रकाश एक होनहार शिक्षित कर्मठ संघर्षशील एवं प्रखर वक्ता के रूप में जानी जाती है ! इनके कुशल व प्रखर कार्यशैली से प्रभावित होकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने विगत विधानसभा चुनाव में इन्हें चतरा विधानसभा का प्रत्याशी बनाया था जिनकी लोजपा उम्मीदवार जनार्दन पासवान से काफी कम वोटो से पराजय हुई !

कैलाश यादव ने बताया कि रश्मि प्रकाश के प्रदेश महिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर राजद नेता सरकार में श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्र यादव राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान विधायक नरेश सिंह,पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा सहित प्रदेश के समस्त राजद पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है ! सभी ने उम्मीद किया है कि नए सोच की महिला नेत्री रश्मि प्रकाश सूबे राज्य के 24 जिलों में धारदार संगठन बनाएंगी तथा आधी आबादी महिलाओं के हक और अधिकार के लिए अपनी राजनीतिक कार्यशैली से तमाम युवा वर्ग एवं महिलाओं को राजद का धर्मनिरपेक्ष विचारधारा, सामाजिक न्याय को मजबूत बनाने तथा लालू प्र यादव और तेजस्वी यादव के नीति सिद्धांत के प्रति प्रेरित करेंगी !

## युवा दिवस के अवसर पर जशपुरिया बीएड कॉलेज परिसर में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई



अनगड़ा आज युवा दिवस के अवसर पर जशपुरिया बीएड कॉलेज परिसर में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार,प्रिंसिपल डॉ अनिल कुमार मिश्रा,पंचम भोगता,शिबू बेदिया,मधु कुमारी, प्रिया कुमारी,ज्योति कुमारी,काजल कुमारी,रिमझिम कुमारी,काजल गोस्वामी,अजय कुमार सहित सैकड़ों युवा उपस्थित हुए।मौके पर जैलेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में स्वामी जी की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं युवाओं को उनके मार्ग दर्शन पर चलने की अपील की।

## झारखंड आंदोलन कारी स्व. करमू महतो के नाम की पत्थलगड़ी की गई



**रांची /नामकुम** : विश्व युवा दिवस के अवसर पर खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप के कर कमलों से करमु महतो चौक, टाटी सिलवे (बैंक के पास) झारखंड आंदोलन कारी स्व. करमू महतो के नाम की पत्थलगड़ी की गई। उन्होंने कहा कि स्व. करमु महतो झारखंड आंदोलनकारी थे, उनके सम्मान में गत वर्ष इस चौक का नाम रखा गया था और आज झारखंडी परंपरा के अनुसार पत्थलगड़ी की गई। झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान के लिए वे शुरु से प्रयासरत रहे हैं और भविष्य में भी सम्मानित करने का कार्य करते रहेंगे। मौके पर जिला कांग्रेस कमिटी की महासचिव श्रीमती अर्चना मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष विजय टोप्पो, जेएमएम नेता मुकेश महतो, झारखण्ड आंदोलन कारी अमर कुमार महतो चतरा ग्राम प्रधान किस्टो कुजूर, महिलौंग मुखिया संदीप तिर्की, टाटी पूर्वी मुखिया कृष्णा पाहन, आजसू नेता काशीनाथ महतो, जितेंद्र सिंह, अजित महतो, स्टेट रैफरी सरोज नाथ महतो, डा. पंकज मिश्रा, चैतू तिर्की, सहदेव महतो, राम किशुन लोहरा, नीरज प्रमाणिक एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मर्यादा पुरुषोत्तम राम हमारी सनातन संस्कृति के आस्था के केंद्र हैं : रमेश दांगी



**रजरप्पा** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर बड़कीपोना दुर्गा मंदिर चौक परिसर में बजरंग दल बड़कीपोना द्वारा भोग का वितरण किया। मंदिर के पुजारी बबलू तिवारी के द्वारा भोग लगाया गया। इसके बाद मंदिर परिसर में जुटे भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद में खिचड़ी, लड्डू, पूड़ी-सब्जी आदि का वितरण किया गया। इसकी शुरुआत समाजसेवी रमेश दांगी ने किया. इस मौके पर श्री दांगी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम हमारी सनातन संस्कृति के आस्था के केंद्र हैं। भगवान राम से प्रेरणा पाकर समाजसेवा क्षेत्र में योगदान देते आ रहे है। साथ ही श्री दांगी ने सभी रामभक्तों को शुभकामनाएँ दी. वही आरती का भी आयोजन किया गया. मौके पर समाजसेवी अमृत कुमार, विकास कुमार, मनोज पासवान, निशांत कुमार, रुपेश कुमार, अमित कुमार, शिवम कुमार, प्रेम कुमार, आशीष कुमार, माखन कुमार, ओमप्रकाश कुमार, पवन कुमार, राजेश कुमार, विश्वजीत कुमार, आकाश कुमार, बादल कुमार, बबूल कुमार, अमित कुमार, पुरुषोतम कुमार, सौरभ कुमार आदि धर्मप्रेमी मौजूद थे.

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



## पाकिस्तान के और करीब आया चीन, अब CPEC 2.0 पर तेजी से करेगा काम, क्या भारत के लिए बढ़ेगी टेंशन?




**चीन और पाकिस्तान के रिश्ते और गहराते जा रहे हैं। रिश्तों में यह गहराई चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (CPEC) के रूप में सामने आ रही है। चीन अब CPEC 2.0 की बात कर रहा है। यह CPEC का ही एडवांस वर्जन है। इसके जरिए चीन कई ऐसी चीजें शुरू कर सकता है जो भारत के लिए चिंता की बात होगी।**

**नई दिल्लीः** पाकिस्तान और चीन के संबंध और गहरे होते जा रहे हैं। चीन ने कहा है कि अब वह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा 2.0 (CPEC 2.0) के विकास पर तेजी से काम शुरू करेगा। चीन ने कहा है कि वह इस सहयोग के जरिए आईटी, कृषि और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को बढ़ाएगा। साथ ही उसका उद्देश्य क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने और आपसी समृद्धि पर जोर देना भी है।

बता दें कि चीन इस समय पाकिस्तान में सीपीईसी बना रहा है। चीन और पाकिस्तान को जोड़ने वाला यह प्रोजेक्ट साल 2013 में शुरू हुआ था। करीब 3000 किमी लंबा यह कॉरिडोर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) का एक हिस्सा है। सीपीईसी चीन के झिंजियांग प्रांत को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से जोड़ता है।

भारत को बड़े खतरे की तरह देखने लगा है चीन, यह कदम दे रहा घबराहट के सबूत क्या है चीन का उद्देश्य? सीपीईसी पाकिस्तान और चीन के बीच एक द्विपक्षीय परियोजना है। चीन का कहना है कि वह इस कॉरिडोर के जरिए पाकिस्तान में ऊर्जा, औद्योगिक और अन्य बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाएं विकसित करना चाहता है। साथ ही हाईवे, रेलवे और पाइपलाइन्स के नेटवर्क के जरिए पूरे पाकिस्तान में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है। इससे लिए चीन पाकिस्तान को भारी भरकम कर्ज दे रहा है। पाकिस्तान को अपनी लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए ऐसे सहारे की जरूरत है। वहीं चीन इस कॉरिडोर के जरिए मिडिल-ईस्ट और अफ्रीका तक पहुंचने का मार्ग तैयार कर रहा है ताकि वह हिंद महासागर तक अपनी पकड़ मजबूत कर सके। **अब क्या चाहता है चीन**? CPEC 1.0 अभी पूरा नहीं हुआ है, वहीं चीन ने अब CPEC 2.0 के विकास राग अलाप दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार चीन ने कहा है कि वह पाकिस्तान से अपनी दोस्ती और गहरी जारी रखेगा। चीन का कहना है कि CPEC 2.0 के जरिए दोनों देश एक दूसरे के और करीब आएंगे। जियो न्यूज के अनुसार यह घटनाक्रम हाल ही में बीजिंग में पाकिस्तान-चीन द्विपक्षीय राजनीतिक परामर्श (BPC) के चौथे दौर के दौरान हुआ। इस बैठक में CPEC 2.0 के बारे में चर्चा हुई।

इन आंकड़ों को देख खुश होंगे मोदी, साल 2024 में हो गया कमाल, क्या 2030 तक लक्ष्य होगा पूरा?

**क्या है CPEC 2.0**?

CPEC 2.0 सीपीईसी का दूसरा चरण है। चीनी उप विदेश मंत्री ने सीपीईसी 2.0 के तहत शुरू किए गए 5 नए कॉरिडोर के बारे में बताया। ये 5 नए कॉरिडोर विकास, आजीविका, इनोवेशन, ओपन एंड ग्रीन कॉरिडोर आदि हैं। चीन ने कहा कि ये पाकिस्तान के 5 E (एक्सपोर्ट, ई-पाकिस्तान, एनर्जी, एनवायरमेंट और इक्विटी) सेक्टर को तेजी से बढ़ाएंगे। **भारत के लिए क्या है चिंता**? भारत CPEC की लगातार आलोचना करता रहा है। वह इसलिए क्योंकि यह कॉरिडोर पीओके से होकर गुजरता है, जो भारत और पाकिस्तान के बीच एक विवादित क्षेत्र है। इसके अलावा इस कॉरिडोर से कश्मीर के लिए भी समस्या पैदा हो सकती है। अब CPEC 2.0 से भारत की चिंताएं और बढ़ सकती हैं। चीन इस कॉरिडोर पर कई ऐसे प्रोजेक्ट शुरू कर सकता है जो भारत के लिए चिंता पैदा कर सकते हैं। इसमें एक्सपोर्ट सबसे बड़ी चिंता का विषय बन सकता है। चीन इस कॉरिडोर के जरिए कई ऐसी चीजों का आयात और निर्यात कर सकता है जो भारत के लिए खतरा पैदा कर सकती हैं।

## इन आंकड़ों को देख खुश होंगे मोदी, साल 2024 में हो गया कमाल, क्या 2030 तक लक्ष्य होगा पूरा?



***रिन्यूएबल एनर्जी पैदा करने में देश काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। दुनियाभर की कई कंपनियां भारत की ओर देख रही हैं। वहीं सरकार भी कई प्रोग्राम चला रही है। साल 2024 में देश में रिन्यूएबल एनर्जी पैदा करने क्षमता साल 2023 के मुकाबले 100 फीसदी से ज्यादा बढ़ गई है।***

***नई दिल्लीः*** *साल 2025 में नरेंद्र मोदी सरकार को एक और अच्छी खबर मिली है। न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मिनिस्ट्री ने साल 2024 का जो डेटा जारी किया है, उसे देखकर पीएम मोदी खुश होंगे। देश के इस महत्वपूर्ण सेक्टर में साल 2024 में कमाल हो गया है। मोदी सरकार साल 2030 तक अपने एक महत्वपूर्ण लक्ष्य को पूरा करना चाहती है। अब सवाल है कि क्या सरकार इस सेक्टर में अपना लक्ष्य पूरा कर पाएगी? यहां हम बात रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर की कर रहे हैं। न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मिनिस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार भारत ने 2024 में लगभग 30 गीगावाट की रेकॉर्ड रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता वृद्धि दर्ज की है। यह साल 2023 में दर्ज 13.75 गीगावाट से 113 फीसदी अधिक है। भारत की अब रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता 218 गीगावाट हो गई है। क्या है सरकार का लक्ष्य?*

*भारत सरकार का लक्ष्य साल 2030 तक देश में 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता हासिल करना है। इस कारण इस सेक्टर में मोदी सरकार तेजी से काम कर रही है। भारत की अब रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता 218 गीगावाट पहुंच चुकी है। भारत को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अगले छह वर्षों में प्रति वर्ष औसतन 50 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ने की आवश्यकता है। पिछले दो वर्षों में जिस तरह से हर साल 100 फीसदी से ज्यादा का लक्ष्य हासिल किया है, उसे देखकर लगता है कि भारत साल 2030 तक अपना लक्ष्य हासिल कर लेगा।* ***हर साल बढ़ रही क्षमता*** *देश में रिन्यूएबल एनर्जी पैदा करने की क्षमता साल दर साल बढ़ रही है। इस बारे में सरकार ने आंकड़े जारी किए हैं। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वर्ष 2023 में 13.75 गीगावाट से वर्ष 2024 में लगभग 30 गीगावाट तक की तीव्र वृद्धि हुई है। इस कारण करीब 218 गीगावाट का लक्ष्य हासिल हुआ है।*

***दुनिया में तीसरा स्थान*** *रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार इससे जुड़े कई प्रोग्राम देश में चला रही है। इनमें पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भी शामिल है। सरकार का उद्देश्य साल 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने का है। रिन्यूएबल एनर्जी पैदा करने में भारत का दुनिया में तीसरा स्थान है। इसमें पहले स्थान पर चीन और दूसरे पर अमेरिका है।* ***लेकिन यहां सरकार के पास नहीं कोई प्लानिंग*** *रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर बेशक तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसके कचरे को खत्म करने के लिए सरकार के पास कोई ठोस प्लानिंग नहीं है। सोलर पैनल का कचरा देश में तेजी से बढ़ रहा है। अभी तक सोलर पैनल का एक लाख टन कचरा पैदा हो गया है। साल 2030 तक यह बढ़कर 6 लाख टन हो सकता है। इनकी रीसाइक्लिंग सही से न होने के कारण पर्यावरण में जहरीले केमिकल और भारी धातुएं फैल रहे हैं।*

## रोजाना 40,000 रुपये की कमाई, मां-बेटे की जोड़ी ने किया कमाल, क्या है कारोबार?



**जीतू थॉमस और उनकी मां लीना ने मशरूम फार्मिंग में दिलचस्पी से एक सफल कारोबार खड़ा किया है। उनकी हर दिन की कमाई 40,000 रुपये तक पहुंच गई है। वे लोगों को मशरूम की खेती भी सिखाते हैं।**

**नई दिल्लीः** केरल के जीतू थॉमस ने अपनी मां लीना के साथ मिलकर मशरूम की खेती से सफल व्यवसाय खड़ा कयिा है। यह व्यवसाय उन्हें प्रतिदिन 40,000 रुपये की कमाई करा रहा है। जीतू ने शौकिया तौर पर मशरूम उगाना शुरू किया था। उन्हें कतई एहसास नहीं था कि वह एक दनि इससे लाखों की कमाई करेंगे। आइए, यहां जीतू और उनकी मां लीना की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। जीतू और लीना ने 5,000 वर्ग फीट जमीन पर मशरूम फार्म बनाया है। वे रोजाना 100 किलो से ज्यादा मशरूम उगाते हैं। तापमान और नमी को नियंत्रित रखने के लिए उन्होंने सरल वैज्ञानिक तरीके अपनाए हैं। बिचौलियों के बिना सीधे खुदरा विक्रेताओं को मशरूम बेचकर वे अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। जीतू मशरूम की खेती का प्रशिक्षण भी देते हैं। अब तक लगभग 1,000 लोग उनसे ट्रेनिंग ले चुके हैं। **अपने कमरे में शौक में की थी शुरुआत** 2018 में जीतू ने अपने कमरे में मशरूम उगाने का एक छोटा सा प्रयोग शुरू किया था। इंटरनेट पर प्लास्टिक की बोतल में मशरूम उगाने का तरीका देखकर जीतू को यह आइडिया आया। जल्द ही, यह शौक एक व्यवसाय में बदल गया। अब लीना और जीतू की कंपनी 'लीनाज मशरूम' में हजारों मशरूम बेड हैं। ये बेड हर दिन 100 किलो ज्यादा मशरूम पैदा करते हैं। **महारत की हासिल** शुरुआती सफलता के बाद जीतू ने मशरूम की खेती के बारे में और अधिक सीखा। उन्होंने कोर्स भी किए। इससे उनका शौक बिजनेस बन गया। मशरूम की खेती के कई फायदे हैं। मशरूम जल्दी उग जाते हैं। लेकिन, यह काम आसान नहीं है। मशरूम नाजुक होते हैं। तापमान में थोड़ा सा बदलाव या कीड़ों से पूरी फसल बर्बाद हो सकती है। उन्होंने अपने फार्म को इस तरह डिजाइन किया है कि जहां आमतौर पर 5,000 बेड रखे जा सकते हैं, वहां 20,000 बेड लगाए गए हैं। भारत में पिछले एक दशक में मशरूम की लोकप्रियता काफी बढ़ी है। इसका स्वाद लोगों की जुबान पर चढ़ा है। मशरूम न केवल खाने में स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि अगर आप इसकी खेती में महारत हासिल कर लें तो ये आपको आर्थिक रूप से भी समृद्ध बना सकते हैं। जीतू ने 19 साल की उम्र में ही मशरूम की खेती में रुचि दिखाई। उन्होंने एक पैकेट में मशरूम के बीज बोए और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपनी मां लीना की मदद से उन्होंने मशरूम उगाना शुरू किया और सफलता की ऊंचाइयां छुईं।

## यूपी 1, उत्तराखंड 2, बिहार 3... मोदी सरकार का इस लिस्ट से कनेक्शन, योगी का राज्य टॉप पर कैसे?



**केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को 1.73 लाख करोड़ रुपये जारी किए हैं, जो दिसंबर 2024 के 89,086 करोड़ रुपये से अधिक है। इस कदम से अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार को सबसे अधिक फंड मिले हैं। यह उपाए राज्यों के विकास और कल्याणकारी खर्चों में सहायता करेगा।**

नई दिल्लीः केंद्र सरकार ने देश के अलग-अलग राज्यों को 1.73 लाख करोड़ रुपये दिए हैं। यह पैसा केंद्र सरकार की ओर से जुटाए गए टैक्स का एक हिस्सा है। इससे वह राज्यों को विकास के काम करने के लिए देती है। दिसंबर 2024 में 89,086 करोड़ की तुलना में यह काफी ज्यादा है। इससे अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। राज्यों का खर्च विकास को रफ्तार देता है। यह पैसा राज्यों को विकास और कल्याणकारी कामों में मदद करेगा। इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर और समाज कल्याण के काम तेज होंगे। राज्यों की लसि्ट में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार का नाम सबसे ऊपर है। इन्हें सबसे ज्यादा पैसा मिला है। योगी आदति्यनाथ के यूपी को सबसे अधिक 31,039.84 करोड़ रुपये मिले हैं। उत्तराखंड को 17,403.36 करोड़ रुपये और बिहार को 13,017.06 करोड़ रुपये जारी हुए हैं। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को राज्यों को 1.73 लाख करोड़ रुपये दिए। यह रकम दिसंबर 2024 में दी गई राशि 89,086 करोड़ रुपये से लगभग दोगुनी है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इससे राज्यों के विकास कार्यों में तेजी आएगी। इससे अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलेगी क्योंकि राज्यों का खर्च विकास दर को कई गुना बढ़ाता है। यह फंड राज्यों को विकास और कल्याणकारी योजनाओं के लिए जरूरी पैसा देगा। इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर और समाज कल्याण के प्रोग्राम तेज होंगे। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार को सबसे ज्यादा पैसा मिला है। उत्तर प्रदेश को 31,039.84 करोड़ रुपये, उत्तराखंड को 17,403.36 करोड़ रुपये और बिहार को 13,017.06 करोड़ रुपये मिले हैं। यह पैसा राज्यों के लिए बहुत जरूरी है। इससे वे अपने विकास कार्यों को आगे बढ़ा सकेंगे। जब केंद्र सरकार कोई टैक्स वसूल करती है तो उसमें से एक हिस्सा राज्यों को देना होता है। इसे ही टैक्स ट्रांसफर कहते हैं। यह पैसा राज्यों को सड़कें बनाने, स्कूल और अस्पताल चलाने, सिंचाई की सुविधाएं बढ़ाने इत्यादि कामों के लिए दिया जाता है। इससे आम आदमी को सीधा फायदा होता है। बेहतर सड़कों, स्कूल, अस्पताल और अन्य सुविधाएं मिलने से लाइफस्टाइल सुधरता है। साथ ही, राज्य सरकारें इस धनराशि का उपयोग रोजगार के अवसर पैदा करने और गरीबी कम करने के लिए भी कर सकती हैं।

## अमेरिका-जापान ने रूस के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाएः 2 भारतीय कंपनियों पर भी बैन; कच्चे तेल की कीमत 3% बढ़कर 80 डॉलर बैरल पार



**वॉशिंगटन** अमेरिका और जापान ने शुक्रवार को रूस के खिलाफ यूक्रेन युद्ध की वजह से नए प्रतिबंधों का ऐलान किया। US डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट के मुताबिक अमेरिका ने रूस की 200 से ज्यादा कंपनियों और व्यक्तियों के साथ 180 से ज्यादा शिप्स पर बैन लगा दिया। इसके अलावा दो भारतीय कंपनी स्काईहार्ट मैनेजमेंट सर्विसेज और एविजन मैनेजमेंट सर्विसेज भी बैन लगाया गया है। बाइडेन सरकार का कहना है कि इन भारतीय कंपनियों ने रूस से LNG का ट्रांसपोर्ट किया था, जो अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन है। जापान ने भी कई रूसी नागरिकों और कंपनियों की संपत्तियों को फ्रीज कर दिया है। इस अलावा जापान ने कई ऐसे संगठनों के खिलाफ भी प्रतिबंध का ऐलान किया है, जिन्होंने पहले लगाए गए प्रतिबंधों से बचने में रूस की मदद की थी। अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से क्रूड ऑयल की कीमतें 3% तक का बढ़ गई। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल की कीमत 80 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई। इन प्रतिबंधों की वजह से अब भारत और चीन को रूस से ऑयल इंपोर्ट करने में दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन का कहना है कि रूस के खिलाफ की गई यह कार्रवाई उसकी एनर्जी रिसोर्स से होने वाली इनकम को सीमित कर देगी। इससे रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने में आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। जापान सरकार ने बयान जारी कर कहा कि शुक्रवार को 11 व्यक्तियों, 29 संगठनों और रूस के 3 बैंकों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसके अलावा रूस की मदद करने की वजह से नॉर्थ कोरिया और जॉर्जिया के एक बैंक के खिलाफ भी एक्शन लिया गया है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि यह प्रतिबंध यूक्रेन के लिए हमारी मदद की प्रतिबद्धता दिखाते हैं।

## कल से ओपन होगा लक्ष्मी डेंटल का IPO:15 जनवरी तक बोली लगा सकेंगे निवेशक, मिनिमम इन्वेस्टमेंट करने होंगे 14,124 रुपए

**मुंबई** लक्ष्मी डेंटल लिमिटेड का IPO कल यानी 13 जनवरी को ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू के लिए 15 जनवरी तक बिडिंग कर सकेंगे। 20 जनवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे।




इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 698.06 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी के मौजूदा निवेशक 560.06 करोड़ के 1,30,85,467 शेयर बेच रहे हैं। इसके साथ ही कंपनी 138 करोड़ के 32,24,299 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है।

अगर आप भी इसमें पैसा लगाने का प्लान बना रहे हैं तो हम आपको बता रहे हैं कि आप इसमें कितना निवेश कर सकते हैं।

**मिनिमम और मैक्सिमम कितना पैसा लगा सकते हैं**? लक्ष्मी डेंटल लिमिटेड ने IPO का प्राइस बैंड 407-428 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 33 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप IPO के अपर प्राइज बैंड 428 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,124 इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 14 लॉट यानी 462 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,97,736 इन्वेस्ट करने होंगे। इश्यू का 10% हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व कंपनी ने IPO का 75% हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) के लिए रिजर्व रखा है। इसके अलावा 10% हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी का 15% हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) के लिए रिजर्व है। लक्ष्मी डेंटल लिमिटेड की स्थापना जुलाई 2004 में हुई थी लक्ष्मी डेंटल लिमिटेड एक इंटीग्रेटेड डेंटल प्रोडक्ट कंपनी है, जिसकी स्थापना जुलाई 2004 में हुई थी। कंपनी कस्टम क्राउन और ब्रिज, क्लियर एलायनर्स, थर्मोफॉर्मिंग शीट्स और पीडियाट्रिक डेंटल जैसे अन्य डेंटल प्रोडक्ट्स बनाती है। कंपनी टैग्लस ब्रांड नाम के तहत थर्मोफॉर्मिंग शीट, बायोकम्पैटिबल 3डी प्रिंटिंग रेजिन और क्लियर एलाइनर्स को बनाने के लिए मशीनें भी प्रोवाइड करती है। कंपनी पूरी तरह से इंटीग्रेटेड मॉडल पर काम करती है, जिसका मतलब है कि वे डेंटल प्रोडक्ट के डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग से लेकर डिस्ट्रीब्यूशन तक की पूरी प्रोसेस को संभालती है।



तस्वीरें: ब्राजील के सबसे भव्य उत्सव के लिए प्री-कार्निवल उल्लास के मंच तैयार होते ही रियो की सड़कें जीवंत हो उठीं

# दावा- भारत ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति को पाकिस्तान जाने से रोकाः गणतंत्र दिवस परेड के बाद नई दिल्ली से इस्लामाबाद जाने का प्लान था




**नई दिल्ली** भारत ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो को पाकिस्तान के दौरे पर न जाने के लिए मना लिया है। मीडिया हाउस द प्रिंट ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति सुबियांतो भारत यात्रा के बाद पाकिस्तान का दौरा नहीं करेंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत ने राष्ट्रपति सुबियांतो को 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस परेड में चीफ गेस्ट के तौर पर हिस्सा लेने का न्योता भेजा है। हालांकि भारत की तरफ से इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि सुबियांतो, पाकिस्तान की तीन दिवसीय यात्रा के लिए आएंगे। वे भारत दौरे पर जाएंगे और वहीं से पाकिस्तान के लिए रवाना होंगे। हालांकि भारत सरकार ऐसा नहीं चाहती थी कि सुबियांतो सीधे भारत से पाकिस्तान जाएं। इसके लिए भारत ने इस मुद्दे को इंडोनेशिया के साथ उठाया था। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुबियांतो पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के साथ। तस्वीर 18 दिसंबर को कायरो में हुए D-8 समिट की है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुबियांतो पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के साथ। तस्वीर 18 दिसंबर को कायरो में हुए D-8 समिट की है। **भारत क्यों नहीं चाहता, नई दिल्ली से इस्लामाबाद जाएं सुबियांतो** इंडोनेशिया, आसियान क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। भारत ने हाल के कुछ साल में दक्षिण इंडोनेशिया के साथ अपने संबंधों पर बेहतर ध्यान दिया है। इन मजबूत संबंधों के बीच भारत नहीं चाहता था कि सुबियांतो का पाकिस्तान दौरा भारत के साथ रिश्तों पर नकारात्मक असर डाले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सुबियांतो गणतंत्र दिवस समारोह के तुरंत बाद इस्लामाबाद की यात्रा करते हैं तो यह भारत के लिए नकारात्मक संकेत हो सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से तनावपूर्ण संबंध रहे हैं और ऐसे में एक प्रमुख विदेशी नेता की भारत यात्रा के तुरंत बाद पाकिस्तान जाना भारत की कूटनीतिक स्थिति को कमजोर कर सकता है। **भारत ने अब तक चीफ गेस्ट का नाम घोषित नहीं किया** आमतौर पर उन्हीं देशों के नेताओं को गणतंत्र दिवस परेड में चीफ गेस्ट बनने का न्योता मिलता है, जिनके भारत के साथ मजबूत कूटनीतिक रिश्ते हों। हालांकि पहले यह परंपरा हुआ करती थी कि भारत गणतंत्र दिवस का हिस्सा बनने वाले चीफ गेस्ट का नाम महीनों पहले ही घोषित कर दिया करता था। लेकिन इस बार गणतंत्र दिवस से 15 दिन पहले तक भारत ने चीफ गेस्ट का नाम घोषित नहीं किया है। इसकी वजह भी सुबियांतो का पाकिस्तान दौरा को माना जा रहा है। साल 2018 में इंडोनेशिया के तत्कालीन राष्ट्रपति जोको विडोडो भारत के गणतंत्र दिवस परेड में चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल हुए थे। हालांकि तब वे भारत का दौरा करने के बाद दो दिन की राजकीय यात्रा के लिए पाकिस्तान चले गए थे। लेकिन इस बार, भारत सरकार यह सुनिश्चित किया कि ऐसी स्थिति फिर से न हो। इंडोनेशिया के तत्कालीन राष्ट्रपति जोको विडोडो ने 6 साल पहले भारत दौरे के बाद पाकिस्तान की यात्रा की थी। इंडोनेशिया के तत्कालीन राष्ट्रपति जोको विडोडो ने 6 साल पहले भारत दौरे के बाद पाकिस्तान की यात्रा की थी। पाकिस्तान ने इस महीने के आखिर में इंडोनेशियाई राष्ट्रपति की यात्रा की घोषणा भी कर दी है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वे 26 जनवरी को इस्लामाबाद आएंगे।

# लॉस एंजिल्स में आग का तांडव देख ईरान ने भुलाई दुश्मनी, अमेरिका को भेजा संदेश- हमारी टीमें तैयार




**ईरान रेड क्रिसेंट सोसाइटी के अध्यक्ष ने लॉस एंजिल्स काउंटी में लगी भयानक जंगल की आग के लिए विशेषज्ञ टीमों और उपकरण भेजने की इच्छा जताई है। इन आग में हजारों घर और जान-माल को नुकसान पहुँचा है। अमेरिकी रेड क्रॉस के साथ समन्वय की प्रतीक्षा की जा रही है।**

**तेहरानः** लॉस एंजिल्स में लगी भयंकर आग पर काबू के लिए ईरान ने अमेरिका की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी (IRCS) की ओर से मदद की पेशकश की गई है। IRCS हेड पीरहुसैन कोलीवंद ने अमेरिकी रेड क्रॉस के सीईओ क्लिफ होल्ज को शनिवार को इस संबंध में संदेश भेजा है। उन्होंने आग से हुए नुकसान पर दुख जताते हुए इसे एक बड़ी त्रासदी बताया है। उन्होंने कहा कि इस आपदा में हम अमेरिका की हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। ईरान की ओर मदद की पेशकश इसलिए खास है क्योंकि दोनों देशों में काफी समय से तनातनी चल रही है। ईरान ने आग की भयावहता को देखते हुए दुश्मनी को भूलकर मदद का हाथ बढ़ाया है। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक कोलीवंद ने होत्ज को अपने संदेश में कहा, 'मैं आपको ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी की तरफ से विश्वास दिलाता हूं कि आप इस मुश्किल घड़ी में अकेले नहीं हैं। हम आपकी मदद करना चाहते हैं। हमारी IRCS अपनी विशेष रैपिड रिएक्शन टीमों, बचाव उपकरणों और प्रशिक्षित कर्मियों को तुरंत अमेरिका भेजने के लिए तैयार है। मैं आपको ये भी बताना चाहता हूं कि प्राकृतिक और मानवीय आपदाओं से निपटने का हमारा लंबा अनुभव है। हम आपके जवाब का इंताजार करेंगे ताकि जरूरी आगे की बातचीत करके तालमेल बिठाया जा सके।'

**'ये सिर्फ अमेरिका का संकट नहीं'**

कोलीवंद ने आगे कहा कि आग ने अमेरिका के बहुत बड़े इलाके को तबाह कर दिया है। एक खूबसूरत प्राकृतिक इलाका राख में बदल गया है। हजारों घर और बहुत सी जानें इस आपदा में गई है। अभी भी बड़ी संख्या में इस आग से लोगों की जान को खतरा में है।। यह सिर्फ अमेरिका का संकट नहीं है। यह दुनियाभर को हिला देने वाली आपदा है। दुनिया के सभी जिम्मेदार और दयालु लोगों को इससे दुख हुआ है। अमेरिका में आग पर काबू पाने के लिए मदद की जरूरत है, दुनियाभर के देशों को इसके लिए आगे आना चाहिए। अमेरिका के कैलिफोर्नियां प्रांत के लॉस एंजिल्स में बीते पांच दिन से आग लगी है। शुक्रवार तक आग ने 12,300 से ज्यादा इमारतों को तबाह कर दिया है। अब तक कम से कम 11 लोगों की जान गई है। मृतकों की संख्या ज्यादा भी हो सकती है। अधिकारियों ने कहा है कि जब प्रभावित इलाकों में पहुंचना संभव होगा, तभी असली मृतकों की संख्या पता नहीं चल पाएगी। ये आग इस क्षेत्र के इतिहास की सबसे भयानक आग में से एक मानी जा रही है। इस आग में अब तक अरबों डॉलर की संपत्ति जल चुकी है।

**मनोरंजन जगत पर बुरा असर** लॉस एजिल्स की आग से हॉलीवुड पर भी बुरा असर पड़ा है। कई फिल्मों और टीवी शो की शूटिंग रद्द कर दी गई है। आग के फैलने और जहरीली हवा के कारण कई प्रीमियर और कार्यक्रम भी रद्द हो गए हैं। लोगों की सेहत पर भी इसका बहुत बुरा असर पड़ रहा है। कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय प्रशासन लोगों से घर के अंदर रहने की अपील कर रहा है।

# मुस्लिम देशों संग पाकिस्तान ने बनाया अफगानिस्तान को शर्मिंदा करने का प्लान, तालिबान ने किया फेल, ताकते रह गए शहबाज




**पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठक का आयोजन किया था। इसमें अफगान तालिबान को भी न्यौता भेजा गया था, लेकिन तालिबान की तरफ से कोई इसमें हिस्सा लेने पहुंचा। कहा जा रहा है कि पाकिस्तान ने इस सम्मेलन का आयोजन तालिबान को घेरने के लिए किया था।**

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच तालिबान के नेतृत्व वाली अफगानिस्तान सरकार ने इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) के दो दिवसीय महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लिया है। पाकिस्तान ने इस सम्मेलन का आयोजन मुस्लिम बहुल देशों में लड़कियों की शिक्षा पर चर्चा करने के लिए बुलाया था। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान ने इसका आयोजन अफगानिस्तान को निशाना बनाकर किया था, ताकि तालिबान को शर्मिंदा किया जा सके। तालिबान ने शासन में आने के बाद से ही अफगानिस्तान में महिलाओं की शिक्षा पर गंभीर प्रतिबंध लगा दिए हैं।

'मुस्लिम समुदाय में लड़कियों की शिक्षाः चुनौतियां और अवसर' नाम से आयोजित इस शिखर सम्मेलन का उद्येश्य तालिबान पर लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध को लेकर पुनर्विचार करने का दबाव बनाना था। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान के शिक्षा मंत्री खालिद मकबूल सिद्दीकी के हवाले से कहा गया है कि तालिबान सरकार को निमंत्रण भेजा गया था, लेकिन कोई प्रतिनिधि शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हुआ।

**मलाला यूसुफजई ने तालिबान पर साधा निशाना** आईओसी शिखर सम्मेलन में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और लड़कियों की शिक्षा के लिए ब्रांड एंबेसडर मलाला यूसुफजई ने हिस्सा लिया। मलालाल यूसुफजई को किशोरावस्था में स्कूल जाने के चलते तालिबान ने गोली मारी थी। मलाला ने शिखर सम्मेलन में लड़कियों के शिक्षा के अधिकार की रक्षा करने और अफगान महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ उनके अपराधों के लिए तालिबान को जवाबदेह ठहराने के महत्व पर जोर दिया। **पाकिस्तान और अफगानिस्तान में तनाव** यह ताजा घटनाक्रम पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुआ है। इसके पहले दिसम्बर के आखिर में तालिबानी सेना ने पाकिस्तान के अंदर सैनिक चौकियों पर हमला किया था और 19 पाकिस्तानी सैनिकों को मार डाला था। तालिबान ने ये हमला पाकिस्तानी वायु सेना की एयरस्ट्राइक के जवाब में किया था। पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक में 50 लोग मारे गए थे। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान पर टीटीपी को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

## US में टेकऑफ से पहले प्लेन के इंजन में खराबी

**वॉशिंगटन** अमेरिका के अटलांटा एयरपोर्ट पर शुक्रवार को डेल्टा एयरलाइन के एक प्लेन में टेकऑफ से पहले इंजन में खराबी आ गई। जिसके बाद पैसेंजर्स को इमरजेंसी स्लाइडर के जरिए प्लेन से बाहर निकला गया। CNN के मुताबिक इंजन में खराबी की वजह से प्लेन की उड़ान रद्द करनी पड़ी। इस हादसे में 4 लोग घायल हो गए। प्लेन में 200 से भी ज्यादा लोग सवार थे। हादसे का वीडियोज सोशल मीडिया पर भी वायरल हैं। जिसमें पैसेंजर्स इन्फ्लेटेबल स्लाइड (चादर जैसा कपड़ा) से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं।

# फिलीपींस, वियतनाम के बाद अब इंडोनेशिया खरीदेगा ब्रह्मोस मिसाइल, 45 करोड़ डॉलर के लोन पर बातचीत




***इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने भारत से मलेशिया की यात्रा का निर्णय लिया है। ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए भारत से 45 लाख डॉलर का लोन लेने की मांग की गई है। यह लोन इंडोनेशिया की सेना के आधुनिकीकरण में सहायक होगा। फिलीपींस और वियतनाम के बाद इंडोनेशिया ब्रह्मोस मिसाइल का तीसरा खरीदार बन सकता है।***

***नई दिल्ली*** *: इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो ने पाकिस्तान की यात्रा करने के बजाय भारत से मलेशिया की यात्रा करने का निर्णय लिया है। ऐसा भारत की औपचारिक नाराजगी के बाद किया गया है, क्योंकि उन्होंने अपनी नई दिल्ली यात्रा के साथ पाकिस्तान की यात्रा भी की थी। वहीं, भारत ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए इंडोनेशिया को 450 मिलियन डॉलर का लोन देने की दिशा में काम कर रहा है। ऐसे में यदि सौदे पर बात बनती हैं तो फिलीपींस, वियतनाम के बाद इंडोनेशिया तीसरा दक्षिण एशियाई देश होगा जो यह ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल खरीदेगा। इस बीच, मामले से परिचित लोगों के अनुसार इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय ने भारत और रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए 45 करोड़ डॉलर के लोन की मांग करते हुए भारत को एक पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि भारत इस सौदे के लिए भारतीय स्टेट बैंक या किसी अन्य सरकारी बैंक से इंडोनेशिया को लोन देने पर विचार कर रहा है। साथ ही इससे जुड़ी बारीकियों पर काम किया जा रहा है। हमारे सहयोगी अखबार इकनॉमिक टाइम्स ने इस महीने की शुरुआत में सबसे पहले खबर दी थी कि घरेलू बजट की कमी के बावजूद राष्ट्रपति सुबियांतो की यात्रा के दौरान ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद प्रमुखता से शामिल होगी। लोगों के अनुसार, सुबियांतो सरकार के पहले वर्ष में सामाजिक क्षेत्र की परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने के कारण ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए धन की कमी के बीच इंडोनेशिया ने अत्याधुनिक मिसाइलों की खरीद के लिए भारत से लोन लेने का निर्णय लिया है। जब सुबियांतो 2020 में रक्षा मंत्री के रूप में भारत आए थे, तो उनके समकक्ष राजनाथ सिंह के साथ उनकी बैठक के एजेंडे में ब्रह्मोस मिसाइलें प्रमुख चर्चा बिंदुओं में से एक थीं। लेकिन कोविड-19 के कारण पिछली इंडोनेशियाई सरकार की वित्तीय बाधाओं के कारण यह सौदा अंतिम रूप नहीं ले सका। फिलीपींस की तरफ भारत से ब्रह्मोस मिसाइलें खरीदने के बाद, वियतनाम ने ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद को अंतिम रूप दे दिया है। ऐसे में इंडोनेशिया दक्षिण पूर्व एशिया में तीसरा ग्राहक हो सकता है।*

*इंडोनेशिया को लंबे समय से मिसाइलों के संभावित आयातक के रूप में देखा जाता रहा है क्योंकि वह अपनी सेना का आधुनिकीकरण करने का इच्छुक है। अपने वर्तमान राष्ट्रपति के अधीन देश के पास एक पूर्व जनरल है जो इंडोनेशिया की लंबी तटरेखा को देखते हुए रक्षा उद्योग की आवश्यकताओं को बढ़ा सकता है।*

# ब्रिटेन में पाकिस्तानियों के बाल यौन शोषण के अपराधों में शामिल होने की संभावना चार गुना तक ज्यादा- रिपोर्ट

**लंदनः** ब्रिटेन में अंजाम दिए गए 'ग्रूमिंग' अपराधों में पाकिस्तानी मूल के लोगों की संलिप्तता के संबंध में आंकड़ों के हवाले से एक चौंकाने वाला दावा किया गया है। टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पहले जारी नहीं किए गए आंकड़ों के अनुसार, पुलिस में रिपोर्ट किए गए मामलों में सामान्य आबादी की तुलना में पाकिस्तानियों का बाल यौन शोषण अपराधों में हाथ होने की संभावना चार गुना तक ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक, इंग्लैंड और वेल्स के सभी 43 बलों के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल के पहले नौ महीनों में बाल यौन शोषण 'ग्रूमिंग' के 13.7 प्रतिशत अपराध पाकिस्तानियों से संबंधित थे। 2023 में पुलिस को रिपोर्ट किए गए ग्रूमिंग अपराधों में उनका हिस्सा 6.9 फीसद था। 2021 की जनगणना के अनुसार, यह सामान्य आबादी में उनके प्रतिनिधित्व से आनुपातिक रूप से दो से चार गुना ज्यादा है, जहां पाकिस्तानी 2.7 प्रतिशत हैं। ये आंकड़े शुक्रवार (10 जनवरी) को उस टीम की ओर से जारी किए गए, जो पहली नेशनल पुलिस स्कीम के तहत पुलिस की ओर से दर्ज 'समूह-आधारित' बाल यौन शोषण के मामलों को एकत्रित कर उनका विश्लेषण करती है, जिसमें अपराधियों की जातीय पृष्ठभूमि भी शामिल होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐतिहासिक रूप से पुलिस बल और प्रॉसिक्यूटर्स ग्रूमर्स के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहे हैं, जिनमें से कुछ ब्रिटिश-पाकिस्तानी मूल के हैं। उन्हें डर था कि वे नस्लवादी या इस्लामोफोबिक करार दिए जाएंगे। 2012 में क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के प्रमुख रहते हुए सर कीर ने स्वीकार किया था कि हमारे सामने पेश किए गए कई मामलों में जातीयता का मुद्दा था जिसे समझना और संबोधित करना होगा। उन्होंने कहा था कि अभियोजकों को इससे पीछे नहीं हटना चाहिए। रिपोर्ट में बताया गया है कि 'ग्रूमिंग' को पुलिस की ओर से समूह-आधारित बाल यौन शोषण के रूप में परिभाषित किया गया है। ग्रूमिंग के तहत 2023 में पुलिस को 717 अपराध और 2024 के पहले नौ महीनों में 572 अपराध रिपोर्ट किए गए। यह समूह-आधारित बाल यौन अपराधों का 17 प्रतिशत है, जिसमें बच्चों के साथ सबसे बड़ा खतरा परिवार के भीतर या अन्य बच्चों की ओर से दुर्व्यवहार किए जाने का है। समूह-आधारित दुर्व्यवहार के कारण ही 4,228 अपराध हुए या 2023 में ऑनलाइन सहित सभी 115,489 बाल यौन शोषण और शोषण अपराधों का 3.7 प्रतिशत हिस्सा था। पुलिस को रिपोर्ट किए गए ग्रूमिंग अपराधों में से अधिकांश में श्वेत अपराधी शामिल थे। 2023 में उनकी हिस्सेदारी 70 फीसद और 2024 के पहले नौ महीनों में 63 फीसद थी। 2023 में भारतीयों की संख्या 1.6 प्रतिशत और 2024 में चार प्रतिशत थी, बांग्लादेशियों की संख्या 1.3 प्रतिशत और 0.5 प्रतिशत थी, अन्य एशियाई 6.3 प्रतिशत और 4.4 प्रतिशत थे, अश्वेत कैरिबियाई 1.1 प्रतिशत और एक प्रतिशत थे और अफ्रीकी 2.5 प्रतिशत और 2.2 प्रतिशत थे। पुलिस प्रमुखों ने इस बात पर जोर दिया कि यह विश्लेषण सीमित था और इसे सावधानी से लिया जाना चाहिए, क्योंकि इसमें केवल एक तिहाई संदिग्धों को ही शामिल किया गया।

# ईरान ने दिखाया जमीन के मुस्लिम देशों संग पाकिस्तान ने बनाया अफगानिस्तान को शर्मिंदा करने का प्लान



पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठक का आयोजन किया था। इसमें अफगान तालिबान को भी न्यौता भेजा गया था, लेकिन तालिबान की तरफ से कोई इसमें हिस्सा लेने पहुंचा। कहा जा रहा है कि पाकिस्तान ने इस सम्मेलन का आयोजन तालिबान को घेरने के लिए किया था।

इस्लामाबादः पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच तालिबान के नेतृत्व वाली अफगानिस्तान सरकार ने इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) के दो दिवसीय महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लिया है। पाकिस्तान ने इस सम्मेलन का आयोजन मुस्लिम बहुल देशों में लड़कियों की शिक्षा पर चर्चा करने के लिए बुलाया था।

हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान ने इसका आयोजन अफगानिस्तान को निशाना बनाकर किया था, ताकि तालिबान को शर्मिंदा किया जा सके। तालिबान ने शासन में आने के बाद से ही अफगानिस्तान में महिलाओं की शिक्षा पर गंभीर प्रतिबंध लगा दिए हैं।

'मुस्लिम समुदाय में लड़कियों की शिक्षाः चुनौतियां और अवसर' नाम से आयोजित इस शिखर सम्मेलन का उद्येश्य तालिबान पर लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध को लेकर पुनर्विचार करने का दबाव बनाना था। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान के शिक्षा मंत्री खालिद मकबूल सिद्दीकी के हवाले से कहा गया है कि तालिबान सरकार को निमंत्रण भेजा गया था, लेकिन कोई प्रतिनिधि शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हुआ।

मलाला यूसुफजई ने तालिबान पर साधा निशाना आईओसी शिखर सम्मेलन में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और लड़कियों की शिक्षा के लिए ब्रांड एंबेसडर मलाला यूसुफजई ने हिस्सा लिया। मलालाल यूसुफजई को किशोरावस्था में स्कूल जाने के चलते तालिबान ने गोली मारी थी। मलाला ने शिखर सम्मेलन में लड़कियों के शिक्षा के अधिकार की रक्षा करने और अफगान महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ उनके अपराधों के लिए तालिबान को जवाबदेह ठहराने के महत्व पर जोर दिया।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान में तनाव यह ताजा घटनाक्रम पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुआ है। इसके पहले दिसम्बर के आखिर में तालिबानी सेना ने पाकिस्तान के अंदर सैनिक चौकियों पर हमला किया था और 19 पाकिस्तानी सैनिकों को मार डाला था। तालिबान ने ये हमला पाकिस्तानी वायु सेना की एयरस्ट्राइक के जवाब में किया था। पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक में 50 लोग मारे गए थे। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान पर टीटीपी को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। हालांकि, तालिबान इसके इनकार करता है।

# ऐश्वर्या राय से लेकर दीपिका पादुकोण तक, इन हसीनाओं ने चलाया हैं कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने हुस्न का जादू





**कान्स फेस्टिवल में बॉलीवुड की कई हसीनाएं अपने हुस्न का जादू चलाती हैं और हॉलीवुड की हीरोइन को भी मात दे देती हैं। पिछले कुछ सालों में इन्हीं खूबसूरत बालाओं के कुछ लुक्स ऐसे थे जिन्हें खूब पसंद किया गया था।**

हर साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड की कई हसीनाएं अपने हुस्न का जादू चलाने आती हैं और इस बाल भी ऐसा ही कुछ होने वाला है। इस बार कान्स फिल्म फेस्टिवल 14 मई से 25 मई तक होने वाला है, तो क्यों न इससे पहले बॉलीवुड एक्ट्रेस के पिछले साल के लुक्स पर नजर डाल लें!

**2022 और 2023 में ऐश्वर्या चलाया जादू** ये ऐश्वर्या राय बच्चन के पिछले दो सालों के कान्स फिल्म फेस्टिवल लुक्स हैं, जिसमें 2022 में एश ने ब्लैक कलर का फ्लोरल गाउन कैरी किया था, जो Dolce and Gabbana का काउचर था, साथ ही 2023 में इस हसीना ने ब्लैक कलर-सिल्वर कलर का कोर्सेट और क्रिस्टल डिजाइन वाला गाउन पहना था।

**डिम्पल क्वीन का डांस 2022 का लुक** 2022 के कान्स फिल्म फेस्टिवल में डिम्पल क्वीन के दो लुक देखने को मिले जिसमें से एक में उन्होंने ब्लैक अबू जानी खोसला की वाइट कलर की रफल साड़ी कैरी की थी और दूसरे लुक में सब्यसाची की ब्लैक और गोल्डन साड़ी।

**देसी गर्ल प्रियंका का विदेसी लुक**





2019 के इवेंट में प्रियंका के दो लुक रहे थे, जिनमें ले एक ब्लैक और रेड कलर का शिमरी गाउन था और दूसरा वाइट कलर का कोर्सेट गाउन। दोनों में ही ये बाला गजब ढा रही थी।

**मृणाल का ने दिखाया ग्लैमर** साल 2023 के कान्स फेस्टिवल में मृणाल ठाकुर ने अपने देसी और विदेशी, दोनों लुक में अपना ग्लैमर दिखाया। इस बाला के दोनों ही आउटफिट को डिजाइनर फाल्गुनी शाने पीकॉक के डिजाइन थे।

**सारा भी पहुंची थी 2023 में** सारा अली खान अपने कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए आईवरी कलर के खूबसूरत लहंगा कैरी किया था जिसमें वो बहुत ही ज्यादा सुंदर दिख रही थीं। इसे फेमस डिजाइनर अबू जानी खोसला का से लिया गया था।

**मौनी का गॉर्जियस लुक** इस फिश टेल और ऑफ शोल्डर गाउन में मौनी बहुत ही ज्यादा गॉर्जियस दिख रही थी। इस हसीना का ये लुक कान्स फेस्टिवल के 2023 के इवेंट का है।

**डायना पेंटी का कान्स लुक** डायना पेंटी कॉकटेल की एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 के लिए आइवरी कलर की पफ स्लीव गाउन कैरी किया और अपने अपने हुस्न का जादू चलाया था।

# बिल गेट्स ने कहा 'इस उम्र से पहले न दें बच्चों को फोन', नहीं माने तो खुद बिगाड़ देंगे उसका फ्यूचर





***बिल गेट्स ने बताया कि उन्होंने अपने बच्चों को किस उम्र में मोबाइल फोन दिया था और सभी पेरेंट्स को बच्चों को मोबाइल देने के मामले में किन नियमों का पालन करना चाहिए।***

***मोबाइल*** *- इस नाम को सुनते ही आपको लगता होगा ये तो जिंदगा एक अहम हिस्सा बन गया है या यूं कह लीजिए कि कुछ लोगों के लिए तो यही उनकी जिंदगी है। अब ज्यादातर लोग मोबाइल के बिना एक पल भी नहीं रह पाते हैं। उन्हें पता होता है कि मोबाइल चलाने के नुकसान होते हैं लेकिन फिर भी वो इससे खुद को दूर नहीं रख पाते हैं।*

*बच्चों को भी अब कम उम्र से ही मोबाइल फोन की लत लगने लग गई है जो कि चिंता का विषय है। कई अध्ययनों में यह बात सामने आ चुकी है कि बच्चों को मोबाइल फोन चलाने से स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा रहता है। इस मामले में बिल गेट्स ने भी अपनी राय दी है।*

***बिल गेट्स ने कब दिया था अपने बच्चों को फोन*** *जहां आज के समय में दो साल की उम्र के बच्चे ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना शुरू कर देते हैं, वहीं बिल गेट्स ने अपने बच्चों को 14 साल की उम्र के बाद फोन दिया था। उनका कहना है कि उन्होंने अपने बच्चों को 14 साल के होने से पहले फोन यूज करने नहीं दिया था।*

***बच्चों को कब और क्यों देते थे फोन***

*बच्चों को कब और क्यों देते थे फोन*

*बिल गेट्स ने बताया कि वो अपने बच्चों को फोन का इस्तेमाल करने नहीं देते थे। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों का स्क्रीन टाइम भी तय कर रखा था और होमवर्क करने या पढ़ाई करने के लिए ही वो बच्चों को फोन का इस्तेमाल करने देते थे। ये एक अच्छा तरीका है अपने बच्चों को टीवी, मोबाइल और गैजेट्स से दूर रखने का। आप भी अपने बच्चों के लिए इस ट्रिक को अपना सकते हैं।*

***कब नहीं देना मोबाइल*** *बच्चों को फोन देने के मामले में बिल गेट्स का कहना है कि बच्चों को टेबल पर फोन चलाने के लिए नहीं देना चाहिए। बिल गेट्स के बच्चों की उम्र 14, 17 और 20 साल है और किसी के पास भी बचपन में आईफोन नहीं था।*

***फोन देने की सही उम्र क्या है*** *2016 की किड्स एंड टेकः इ एवोल्यूशन ऑफ टुडेज डिजीटल नेटिव्स की एक रिपोर्ट के अनुसार मां-बाप को अपने बच्चों को 10 साल के होने के बाद ही फोन देना चाहिए। अगर आपके बच्चे को भी फोन की लत लग गई है या वो फोन के चक्कर में बाकी के कामों पर ध्यान नहीं दे रहा है, तो आप जल्द से जल्द उसकी इस लत को छुड़वाने पर काम करें।*

***बच्चों में मोबाइल की लत कैसे छुडाएं***

*इसके लिए सबसे पहले तो आपको खुद मोबाइल छोड़ना होगा। बच्चे पेरेंट्स को देखकर ही सीखते हैं इसलिए पहले आप बच्चों के सामने मोबाइल यूज करना बंद कर दें। इसके अलावा स्क्रीन टाइम सेट करें और बच्चे का एक टाइम टेबल बनाकर रखें जिसे फॉलो करना उसके लिए जरूरी हो।*

# Probiotics से जुड़ी ये बात झूठ है, पेट की कई समस्याओं के लिए कारगर हैं ये 5 चीजें

*प्रोबायोटिक्स का गट हेल्थ को सही रखने में क्या रोल होता है? क्या ये हमारी सेहत के लिए हमेशा फायदेमंद होते हैं? आइए एक्सपर्ट की मदद से ऐसे सभी सवालों के जवाब जानते हैं। Myths And Facts: Probiotics से जुड़ी ये बात झूठ है, पेट की कई समस्याओं के लिए कारगर हैं ये 5 चीजें खराब खानपान, और तेजी से बदलती लाइफस्टाइल के कारण कई लोग हमेशा पेट दर्द, गैस और कब्ज जैसी पेट से संबंधित समस्याओं से जूझते रहते हैं। इन सभी परेशानियों का सीधा संबंध खराब डाइजेशन से हैं। डाइजेशन बढ़िया रखने के लिए आमतौर पर प्रोबायोटिक्स लेने की सलाह दी जाती हैं। तो आइए जानते हैं कि प्रोबायोटिक्स क्या है, और उन्हें डाइट में शामिल क्यों करना चाहिए? हम प्रोबायोटिक्स से जुड़े मिथक और उनकी सच्चाई के बारे में जानेंगे।*

***प्रोबायोटिक्स क्या होते हैं और हमारे लिए क्यों जरूरी हैं****? डॉ दीपक भंगाले (कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल) प्रोबायोटिक्स पर बात करते हुए कहते हैं, ''प्रोबायोटिक्स शरीर में मौजूद लाभकारी जीवित बैक्टीरिया हैं, जो हमारे पाचन तंत्र की इम्युनिटी को बढ़ाते हैं और डाइजेस्टिव सिस्टम व गट हेल्थ को दुरुस्त बनाते हैं। दही, छाछ, पनीर, इडली डोसा और ढोकला प्रोबायोटिक के अच्छे स्रोत हैं''.*





*प्रोबायोटिक्स से जुड़े मिथक और सच्चाई*

*Gut Health के लिए प्रोबायोटिक्स हमेशा फायदेमंद हैं?*

*<strong» Gut Health के लिए प्रोबायोटिक्स हमेशा फायदेमंद हैं?</ strong»*

*एक लाइन में कहें तो डाइजेस्टिव सिस्टम और गट हेल्थ के लिए प्रोबायोटिक्स बेहद जरूरी हैं। यही कारण है कि पेट की समस्या होने पर कई बार डॉक्टर कैप्सूल और सैश के रूप में प्रोबायोटिक लिखते हैं। मेडिकल टर्म में इन्हें मेडिकेटेड प्रोबायोटिक्स कहा जाता है। हालांकि, यह सच नहीं है कि प्रोबायोटिक्स हमेशा स्वास्थ्य के लिए अच्छे ही होते हैं। डॉक्टर की सलाह के बिना उन्हें नहीं लेना चाहिए। खासकर Short Bowel Syndrome के मरीजों को इनसे परहेज करना चाहिए।*

*दही के अलावा प्रोबायोटिक्स के नेचुरल सोर्स क्या हैं?*

*<strong» दही के अलावा प्रोबायोटिक्स के नेचुरल सोर्स क्या हैं?<*

*अगर आपको दही पसंद नहीं है तो आप छाछ, अचार, पनीर और कोम्बुचा को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। ये सभी नेचुरल प्रोबायोटिक्स माने जाते हैं।*

# 7 की जगह 6 नंबर की जर्सी में 'माही' ने काटा बवाल, नया अंदाज देखकर हर कोई हैरान















*IPL में चेन्नई सुपर किंग्स के किंग माही यानी कि महेंद्र सिंह धोनी का जलवा तो सभी देख ही रहे हैं, लेकिन यहां हम आपको बॉलीवुड और फैशन की दुनिया में धमाल मचा रही माही के स्टाइल से वाकिफ कराने वाले हैं। जिन्होंने अपने लेटेस्ट लुक्स से फैंस को दीवाना बना दिया है।*

*एक मई को सिनेमाघरों में आने वाली फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। जिसमें राजकुमार राव और जान्हवी कपूर के बीच शानदार लव केमिस्ट्री देखने को मिली है। रूही के बाद दोनों स्टार अब दूसरी बार एक साथ नजर आने वाले है। लेकिन नई फिल्म के ट्रैलर के साथ ही मिसेज माही का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की खूब चर्चा हो रही है।*

*क्रिकेट की थीम पर बेस्ड इस फिल्म के प्रमोशन में अदाकारा का अलग ही अंदाज देखने को मिल रहा है। जहां साड़ी के ब्लाउज से लेकर स्कर्ट के टॉप तक 6 नंबर की जर्सी हाइलाइट हो रही है। एक्ट्रेस मूवी के प्रमोशन के साथ ग्लैमर का तड़का भी लगा रही है। 'धड़क' गर्ल के लेटेस्ट लुक ने तो फैंस के दिलों की धड़कने ही बढ़ा दी है। हर लुक से लोगों का दिल जीतने वाली जान्हवी का नया अंदाज भी सभी को खूब पसंद आ रहा है।(फोटो साभारः इंस्टाग्राम@janhvikapoor)*

***क्रिकेट जर्सी...ग्लैम साड़ी***

*ट्रैलर लॉन्चिंग के मौके पर जान्हवी कपूर की टू कलर साड़ी ने फैंस को काफी अट्रैक्ट किया। इस ग्लैमरस रेड एंड ब्लू साड़ी को मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। अदाकारा को स्टाइलिश बनाने का काम फैशन स्टाइलिस्ट एमी पटेल ने किया। एक्ट्रेस का आउटफिट क्रिकेट से इंस्पायर लग रहा था। इस साड़ी में जान्हवी का लुक ग्लैमरस होने के साथ ही स्टनिंग भी दिखा।*

***जर्सी नंबर 7 नहीं 6...***

*जान्हवी के इस स्टाइल की USP उनका ब्लाउज रहा। हॉल्टर नेक और स्लीवलेस में डिजाइन ब्लाउज को सीक्वेंस एम्ब्रॉयडरी से सजाया गया है। जिसके बैक साइड पर वाइट सितारों से कढ़ाई कर जर्सी नंबर 6 और माही लिखा है। जिसे देखकर लगता है कि इस मूवी में एक्ट्रेस की जर्सी का नंबर 6 हो सकता है। हालांकि फिल्म के प्रमोशन में ब्लाउज को हाइलाइट करके अदाकारा ने खूब लाइमलाइट बटोरी हैं।*

***जूलरी सिलेक्शन रहा परफेक्ट***

*एक्ट्रेस ने रेड एंड ब्लू साड़ी के ग्लैम को बरकरार रखने के लिए मिनिमल जूलरी ही सिलेक्ट की। उन्होंने लेटेस्ट लुक के लिए सिर्फ क्लासिक सिल्वर हूप इयररिंग्स ही पहने। इसके अलावा मेकअप के लिए मूंगा-थीम वाले पैलेट का ऑप्शन चुनते हुए ब्राउन शैड्स लिप्सटिक और खुले बालों से लुक कंप्लीट किया। इस साड़ी में जान्हवी का ऑवररोल लुक बेहद ही गॉर्जियस था।*

***रेट्रो इंस्पायर्ड आउटफिट***

*वैसे इसके पहले भी जान्हवी कपूर का फिल्म प्रमोशन को लेकर अलग अंदाज देखने को मिला। अदाकारा फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता के कलेक्शन से पिंक क्रॉप टॉप और ब्लैंक एंड वाइट फ्लेयर्ड स्कर्ट में नजर आई। इस रेट्रो इंस्पायर्ड आउटफिट को भी स्टाइलिस्ट एमी पटेल ने स्टाइल किया था। जिसमें जान्हवी का स्टनिंग लुक सभी का ध्यान खींच रहा था।*

***शिमरी टॉप पर जर्सी नंबर*** *जान्हवी ने ब्लैक एंड वाइट स्ट्रिप्स वाले फ्लेयर्ड स्कर्ट को शिमरी पिंक टॉप के साथ स्टाइल किया। स्क्वायर नेकलाइन वाले क्रॉप टॉप के फ्रंट साइड पर जर्सी नंबर 6 लिखा हुआ है। जो अदाकारा के आउटफिट में टीजिंग फैक्टर एड करने का काम कर रहा है। इसके अलावा जान्हवी ने जूलरी को मिनिमल रखते हुए हार्ट शेप इयररिंग्स और रिंग से लुक को कंप्लीट किया। लो-की हेयरस्टाइल और बेसिक पोनीटेल के साथ अदाकारा कमाल की लग रही थीं।*





